सांवरा देखता होगा | by Reshmi Sharma

भलाई कर भला होगा बुराई कर बुरा होगा
कोई देखे या ना देखे सांवरा देखता होगा
भलाई कर भला होगा................

किसी का भी भला करके नफ़ा नुक्सान मत गिनना
मदद करके गरीबों की कभी अभिमान मत करना
ये दुनिया चार दिन की है फिर उसके बाद क्या होगा
भलाई कर भला होगा................

ज़माना व्यस्त है देखो दुसरो की बुराई में
नज़र आता नहीं की छेद है खुद की सुराही में
तुझे खुद के गिरेबाँ में ही पहले झांकना होगा
भलाई कर भला होगा................

अहम् के आईने माधव जल्द ही टूट जाते हैं
मगर उस वक़्त के पीछे बहुत कुछ छूट जाते है
संभल जा वक़्त के रहते बाद में वक़्त ना होगा
भलाई कर भला होगा................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-by-reshmi-sharma/